# रंग बरसे खाटू में | By Passi Kesri

रंग बरसे उड़े है गुलाल
उड़े रे खाटू नगरी में
खाटू नगरी हुई है लालो लाल
उड़े रे खाटू नगरी में

लाल गुलाबी नीले पीले
बाबा को रंग लाना है
फागुन की मस्ती में भक्तों
श्याम के रंग रंग जाना है
रंग अबीरा उड़े है गुलाल
उड़े रे खाटू नगरी में

श्याम नाम की धूम मची है
उड़ रहा रंग गुलाल है
खाटू की गलियों में देखो
मच रही खूब धमाल है
कोई पीला डाले है रंग लाल
उड़े रे खाटू नगरी में

खाटू वाले श्याम धणी तो
सबकी झोली भरता है
सिमरण करता जो बाबा का
भव से पार उतरता है
पासी बाबा ने किया है मालोमाल
उड़े रे खाटू नगरी में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-passi-kesri/